(भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खण्ड-3, उप खण्ड (ii) में प्रकाशनार्थ)

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
उद्योग भवन

अधिसूचना सं0 85 (आर ई - 2010)/2009-2014
नई दिल्ली, दिनांक 18 नवम्बर, 2011

विषयः- प्याज का न्यूनतम निर्यात मूल्य ।

सां.आ.(अ) विदेश व्यापार नीति, 2009-2014 के पैरा 2.1 के साथ पठित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 (1992 की संख्या 22) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार, अधिसूचना संख्या 75 (आर ई-2010)/2009-14, दिनांक 20.09.2011 में तत्काल प्रभाव से निम्नलिखित संशोधन करती है।

2. अधिसूचना संख्या 75 (आर ई-2010)/2009-2014, दिनांक 20.09.2011 की क्रम सं0 44.01 पर मद विवरण के लिए कॉलम 'प्रतिबंध का स्वरूप' में आने वाले "475 अमरीकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य या विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा समय समय पर यथा अधिसूचित न्यूनतम निर्यात मूल्य (एम ई पी)" को "350 अमरीकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य या विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा समय समय पर यथा अधिसूचित न्यूनतम निर्यात मूल्य (एम ई पी)" द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है और अधिसूचना सं. 75 (आरई2010)/2009-2014 दिनांक 20.09.2011 की क्रम सं. 44.02 के मद विवरण के लिए "475 अमरीकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य या विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित न्यूनतम निर्यात मूल्य (एम ई पी)" को "400 अमरीकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य या विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा समय समय पर यथा अधिसूचित न्यूनतम निर्यात मूल्य (एम ई पी)" द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है।

3. इस अधिसूचना का प्रभाव :

बंगलौर गुलाबी प्याजों और कृष्णापुरम प्याजों को छोड़कर प्याजों की सभी किस्मों का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एम ई पी) 350 अमरीकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य होगा। यह 20.09.2011 को यथाअधिसूचित सामान्य श्रेणी की प्याज के लिए 475 अमरीकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन था। 20.09.2011 को यथा अधिसूचित बंगलौर गुलाबी प्याजों और कृष्णापुरम प्याजों के लिए 475 अमरीकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के बजाय 400 अमरीकी डालर प्रति मीट्रिक टन पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य होगा।

ह0/
(अनुप के0 पूजारी)
महानिदेशक, विदेश व्यापार
ई मेल :- dgft@nic.in

(फा0सं0 01/91/180/922/ए एम'08/नीति-III/निर्यात प्रकोष्ठ से जारी)